# POLICE COMMISSIONERATE

# GAUTAM BUDH NAGAR

## सराहनीय कार्य /प्रेस विज्ञप्ति - दिनाकं 11.05.2026

**1. थाना सेक्टर-113 पुलिस द्वारा लैपटॉप चोरी करने वाले गैंग का पर्दाफाश करते हुए 03 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे/निशानदेही से चोरी के 31 लैपटॉप, चोरी करने में प्रयुक्त उपकरण, ₹14000/- नकद व फर्जी नंबर प्लेट सहित चोरी की 01 मोटरसाइकिल बरामद ।**

**कार्यवाही का विवरण--** दिनांक **11.05.2026** को थाना सेक्टर-113 पुलिस द्वारा मैनुअल इंटेलिजेंस व गोपनीय सूचना की सहायता से लैपटॉप चोरी करने वाले गैंग का पर्दाफाश करते हुए 03 अभियुक्तगण 1. लविश कुमार पुत्र लाला सिंह 2. अंकित यादव पुत्र जिले सिंह 3. राजेन्द्र वर्मा पुत्र महावीर वर्मा को ग्राम सोरखा से गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्तो के कब्जे/निशानदेही से चोरी के 31 लैपटॉप, 03 लैपटॉप बैग, चोरी करने में प्रयुक्त उपकरण-टॉर्च, शीशा तोड़ने वाली पॉकेट मशीन, 01 हैल्थ कार्ड, **₹**14000/- नकद व फर्जी नंबर प्लेट सहित चोरी की 01 मोटरसाइकिल बरामद की गई है ।

**अपराध करने का तरीका--**

अभियुक्तगण रात्रि के समय चोरी की मोटरसाइकिल का उपयोग करते हुए रेस्टोरेंट, मॉल एवं अन्य भीड़भाड़ वाले स्थानों पर खड़ी गाड़ियों को निशाना बनाते थे। ये पहले छोटी टॉर्च की सहायता से वाहनों के अंदर रखे लैपटॉप बैग की पहचान करते थे। इसके बाद शीशा तोड़ने वाली पोर्टेबल मशीन से गाड़ी का शीशा तोड़कर कुछ ही सेकंड में लैपटॉप चोरी कर लेते थे और मौके से फरार हो जाते थे। चोरी किए गए लैपटॉपों को ये आरोपी सुनसान स्थानों पर छिपा देते थे तथा अवसर मिलने पर उन्हें बेच देते थे। प्राप्त धनराशि को आपस में बांटकर अपने व्यक्तिगत खर्च में उपयोग करते थे ।

**गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण--**

1. लविश कुमार पुत्र लाला सिंह निवासी ग्राम पतवाड़ी, थाना बिसरख, गौतमबुद्धनगर, उम्र 22 वर्ष।
2. अंकित यादव पुत्र जिले सिंह निवासी ग्राम पतवाड़ी, थाना बिसरख, गौतमबुद्धनगर, उम्र 24 वर्ष।
3. राजेन्द्र वर्मा पुत्र महावीर वर्मा निवासी ग्राम गनीपुर, थाना पीपरपुर, अमेठी वर्तमान पता सादुल्लापुर, थाना इकोटेक-3, गौतमबुद्धनगर, उम्र 40 वर्ष।

**पंजीकृत अभियोग व आपराधिक इतिहास का विवरण--**

1. मु0अ0सं0 163/2026 धारा 303(2),324(4) बीएनएस, थाना सेक्टर-113, गौतमबुद्धनगर।
2. मु0अ0सं0 146/2026 धारा 303(2),324(4) बीएनएस, थाना बीटा-2, गौतमबुद्धनगर।
3. मु0अ0सं0 169/2026 धारा 303(2), 324(4) बीएनएस, थाना बीटा-2, गौतमबुद्धनगर।

4. मु0अ0सं0 153/2026 धारा 303(2),324(4) बीएनएस, थाना सेक्टर-113, गौतमबुद्धनगर।
5. मु0अ0सं0 123/2026 धारा 303(2) बीएनएस, थाना सेक्टर-113, गौतमबुद्धनगर।
6. मु0अ0सं0 115/2026 धारा 303(2),324(4) बीएनएस, थाना सेक्टर-113, गौतमबुद्धनगर।
7. मु0अ0सं0 189/2026 धारा 303(2) बीएनएस, थाना सेक्टर-39, गौतमबुद्धनगर।
8. मु0अ0सं0 198/2026 धारा 303(2) बीएनएस, थाना सेक्टर-39, गौतमबुद्धनगर।
9. मु0अ0सं0 214/2026 धारा 303(2),324(4) बीएनएस, थाना सूरजपुर, गौतमबुद्धनगर।
10. मु0अ0सं0 240/2026 धारा 303(2) बीएनएस, थाना सूरजपुर, गौतमबुद्धनगर।

**बरामदगी का विवरण--**
1- चोरी के 31 लैपटॉप
2- 03 लैपटॉप बैग
3- चोरी करने में प्रयुक्त उपकरण- टॉर्च, शीशा तोड़ने वाली पॉकेट मशीन
4- 01 हैल्थ कार्ड, ₹14000/- नकद
5- फर्जी नंबर प्लेट सहित चोरी की 01 मोटरसाइकिल

**2. थाना दादरी पुलिस द्वारा वाहन चोरी करने वाले 02 शातिर अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे/ निशानदेही से चोरी की 09 मोटरसाइकिल, 03 स्कूटी व अवैध शस्त्र बरामद।**

**कार्यवाही का विवरण--** दिनांक 11.05.2026 को थाना दादरी पुलिस द्वारा मैनुअल इंटेलिजेंस व गोपनीय सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए वाहन चोरी करने वाले 02 शातिर अभियुक्तगण 1. गौरव पुत्र राजेन्द्र 2. अर्जुन पुत्र जयवीर को रूपवास गोलचक्कर के पास से गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्तों के कब्जे/ निशानदेही से चोरी की 09 मोटरसाइकिल, 03 स्कूटी व 02 अवैध चाकू बरामद किए गए हैं।

**गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण--**
1. गौरव पुत्र राजेन्द्र निवासी हरकेशनगर ओखला, फेज-2, नई दिल्ली, उम्र लगभग 19 वर्ष।
2. अर्जुन पुत्र जयवीर निवासी ग्राम भगूपुरा, थाना अमांपुर, कासगंज वर्तमान पता हरकेशनगर ओखला, फेज-2, नई दिल्ली, उम्र लगभग 19 वर्ष।

**पंजीकृत अभियोग व आपराधिक इतिहास का विवरण--**
1. मु0अ0सं0 00207/2026 धारा 317(4) बीएनएस व 4/25 आर्म्स एक्ट, थाना दादरी, गौतमबुद्धनगर।
2. मु0अ0सं0 09813/2026 धारा 303(2) बीएनएस, थाना गोविन्दपुरी, नई दिल्ली।
3. मु0अ0सं0 10336/2026 धारा 303(2) बीएनएस, थाना जैतपुर, नई दिल्ली।

**बरामदगी का विवरण--**

1. मोटरसाइकिल बजाज सिटी 100, रजि0 नं0- DL3SEA8280
2. मोटरसाइकिल हीरो होंडा पैशन, रजि0 नं0- UP14AZ0095
3. मोटरसाइकिल हीरो होंडा स्प्लेंडर प्लस, रजि0 नं0- UP14BA9296
4. मोटरसाइकिल हीरो स्प्लेंडर प्लस, रजि0 नं0- UP16BK6043
5. मोटरसाइकिल हीरो HF डीलक्स, रजि0 नं0- UP16CM3458
6. मोटरसाइकिल एफ-जेड, रजि0 नं0- DL10S8936
7. मोटरसाइकिल हीरो स्प्लेंडर प्लस, रजि0 नं0- UP16CP0625
8. मोटरसाइकिल स्प्लेंडर प्लस, रजि0 नं0- UP16BH6720
9. मोटरसाइकिल हीरो स्प्लेंडर प्लस, रजि0 नं0- UP13BZ4046
10. स्कूटी एक्टिवा, रजि0 नं0- DL7SCG7514
11. स्कूटी एक्टिवा, रजि0 नं0- UP14DU0699
12. स्कूटी TVS जुपिटर, रजि0 नं0- DL2SN8046
13. 02 अवैध चाकू

**3. थाना सेक्टर-20 पुलिस ने घर में चोरी करने वाला 01 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से 01 लाख 28 हजार रूपये नकद व एक पीली धातु की गांठ वजन 15.08 ग्राम व चोरी करने के उपकरण लोहे का रिंच/संडासी व 01 अवैध चाकू बरामद।**

**कार्यवाही का विवरण--** दिनांक **11.05.2026** की रात्रि को **थाना सेक्टर-20** पुलिस ने घर में चोरी करने वाला एक अभियुक्त आकिल पुत्र अख्तर को जीआईपी गेट नं0 02 के पास से **गिरफ्तार** किया गया है। अभियुक्त आकिल पुत्र अख्तर उपरोक्त के कब्जे से 01 लाख 28 हजार रूपये नकद ( 500-500 रूपये के 256 नोट) व घर में चोरी करने के उपकरण लोहे का रिंच/संडासी तथा 01 अवैध चाकू बरामद हुए है।

**पूछताछ का विवरण--** पूछताछ में अभियुक्त आकिल ने बताया कि मैंने अपने साथी के साथ मिलकर दिनांक 08.03.2026 की रात्रि को सेक्टर 29 के एक मकान का ताला तोड़कर मकान के अन्दर से कुछ सामान व गहने चोरी कर लिया थे। चोरी की घटना के सम्बंध में थाना सेक्टर-20 पर मु0अ0सं0 79/2026 धारा 305ए/331(4) बीएनएस पंजीकृत किया गया था। अभियुक्त आकिल अपने अन्य साथी के साथ मिल कर बन्द पड़े घरो की रेकी कर रात में ताला तोड़कर चोरी करता था। घटना की सीसीटीवी फुटेज व मुनैअल सर्विलांस की मदद से अभियुक्त आकिल उपरोक्त को पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार किया गया एवं माल मुकदमाती बरामदगी के आधार पर मु0अ0सं0 79/2026 धारा 305ए/331(4) बीएनएस में धारा 317(2) बीएनएस की वृद्धि की गयी तथा अभियुक्त के साथी की गिरफ्तारी के हरसंभव प्रयास किये जा रहे है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण--**

आकिल पुत्र अख्तर निवासी किराये का मकान चिल्ला वाली पुलिया त्रिलोकपुरी दिल्ली उम्र करीब 28 वर्ष

**पंजीकृत अभियोग--** मु0अ0सं0 164/2026 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट थाना सेक्टर-20 नोएडा गौतमबुद्धनगर

**अभियुक्त आकिल का आपराधिक इतिहास--**

1. मु0अ0सं0 801/2020 धारा 25/54/59 आर्म्स एक्ट थाना खजूरी खास दिल्ली
2. मु0अ0सं0 637/2020 धारा 379 भादवि थाना खजूरी खास दिल्ली
3. मु0अ0सं0 644/2020 धारा 379 भादवि थाना खजूरी खास दिल्ली
4. मु0अ0सं0 679/2020 धारा 379 भादवि थाना खजूरी खास दिल्ली
5. मु0अ0सं0 729/2020 धारा 379 भादवि थाना खजूरी खास दिल्ली
6. मु0अ0सं0 751/2020 धारा 379 भादवि थाना खजूरी खास दिल्ली
7. मु0अ0सं0 757/2020 धारा 379 भादवि थाना खजूरी खास दिल्ली
8. मु0अ0सं0 762/2020 धारा 379 भादवि थाना खजूरी खास दिल्ली
9. मु0अ0सं0 778/2020 धारा 379 भादवि थाना खजूरी खास दिल्ली
10. मु0अ0सं0 798/2020 धारा 379 भादवि थाना खजूरी खास दिल्ली
11. मु0अ0सं0 707/2021 धारा 392/411 भादवि थाना शास्त्री पार्क दिल्ली
12. मु0अ0सं0 689/2021 धारा 392/34 भादवि थाना शास्त्री पार्क दिल्ली
13. मु0अ0सं0 704/2021 धारा 356/379/34 भादवि थाना शास्त्री पार्क दिल्ली

**बरामदगी का विवरण--**

01 लाख 28 हजार रूपये नकद (500-500 रूपये के 256 नोट) सम्बंधित मु0अ0सं0 79/2026 धारा 305ए/331(4)/317(2) बीएनएस थाना सेक्टर-20 नोएडा गौतमबुद्धनगर
एक पीली धातु की गांठ वजन 15.08 ग्राम सम्बंधित मु0अ0सं0 79/2026 धारा 305ए/331(4)/ 317(2) बीएनएस थाना सेक्टर-20 नोएडा गौतमबुद्धनगर
घर में चोरी करने के उपकरण लोहे का रिंच/संडासी
01 अवैध चाकू